किसान भागीदारी, प्राथमिकता हमारी अभियान के अर्न्तगत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिषद पटना द्वारा कृषक वैज्ञानिक संगोष्ठो का आयोजन

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 25 से 30 अप्रैल 2022 के दौरान चलाये जा रहे किसान भागीदारी, प्राथमिकता हमारी अभियान के अर्न्तगत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिषद पटना द्वारा आज दिनांक 28 अप्रैल, 2022 को पौषक अनाजों के महत्त्व पर कृषक वैज्ञानिक संगोष्ठो का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम देश में आजादी के 75 साल पूण होने की खुशी में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक डा. आशुतोष उपाध्याय ने अपने संबोधन में किसानों की आय में वृद्धि हेतु विभिन्न कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी । साथ ही उन्होंने जल की उपयोगिता एवं इसकी बचत हेतु सूक्ष्म सिंचाई विधि अपनाने पर जोर दिया । उन्होंने किसानों को संस्थान की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा. अंजनी कुमार , निदेशक , अटारी पटना ने किसानों को कृषि वैज्ञानिक गोष्ठी में आगे बढकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया । उन्होने कहा कि किसान अपनी समस्याओं को वैज्ञानिकों से जरूर अवगत कराऐ जिससे कि उसके समाधान के लिए आवश्यक प्रयास किया जा सके ।

गोष्ठो के अन्तर्गत अलग अलग विषयों जैसे फसल विविधीकरण , मिलेट्स का पोषक महत्व, समेकित कृषि प्रणाली, फल और सब्जियो द्वारा पाषण सुरक्षा आदि विषयों पर संबंधित वैज्ञानिकों द्वारा महत्वपूण जानकारी दी गयी । पैनल चर्चा के दौरान किसान के प्रश्नों तथा समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया एवं इसके समाधान के बारे में बताया गया ।

इस कार्यकम में संस्थान के निदेशक डा. आशुतोष उपाध्याय सहित विभागाध्यक्ष गण डा. ए.के. चौधरी, डा.कमल शर्मा तथा डा.अभय कुमार ने भी अपने विचार रखे। पटना के फुलवारीशरीफ एवं दानापुर ब्लाक के कई गांवों से आये 100 किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया तथा इससे लाभन्वित हुए । डा. धीरज कुमार वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया ।